हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 9 फरवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 23.2 डिग्री

न्यूनतम 11.2 डिग्री

4

एनसीईआरटी के अलावा अन्य पाठ्यपुस्तकों से पढ़ाई कराई तो होगी कड़ी कार्रवाई



# आम की फसल पर मंडराता बारिश का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से जाना जानेवाला जशपुर जिला इन दिनों प्रकृति के बेपनाह श्रृंगार से इठलाया हुआ है। जिले के वनों से भरपूर क्षेत्रों में फलों के राजा आम, जनजातियों का जीवन रेखा बहुपयोगी महुआ और बेशकीमती चिरौंजी के पेड़ों पर आए बेपनाह बौर ने आदिवासियों और स्थानीय किसानों के चेहरों पर खुशनुमा चमक बिखेरी है। हालांकि मौसम की बेरुखी ने उनकी रातों की नींद भी उड़ा दी है।

**जनजातियों के आर्थिक आधार हैं ये वृक्ष-** जशपुर जिला अपनी प्राकृतिक जैव-विविधता के लिए जाना जाता है। यहां के आदिवासियों के लिए ये पेड़ महज वनस्पति नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा जरिया हैं। महुआ के फूलों को एकत्रित कर उसे बेचना हो या आम और चिरौंजी के फलों का व्यापार, इन संसाधनों से होने वाली आय से ही ग्रामीण परिवार अपने बच्चों का लालन-पालन, शिक्षा और शादी-विवाह जैसे पवित्र व बड़े कार्यों का खर्च उठाते हैं।

**फलों के राजा और लघु वनोपज की भारी मांग-** जिले में आम की विभिन्न उन्नत प्रजातियां जैसे दशहरी, लंगड़ा और चौसा बहुतायत में पैदा होती हैं, जिनकी मांग अन्य राज्यों में भी काफी अधिक है। वहीं, लघु वनोपज में चिरौंजी एक प्रीमियम उत्पाद बनकर उभरा है। वर्तमान में चिरौंजी की गुठली 400 से 500 रुपए प्रति किलो तक बिक रही है, जिससे वनवासियों को बड़ी आमदनी की उम्मीद रहती है।

### पेड़ों पर लदे बौर से रिकार्ड पैदावार की उम्मीद

इस वर्ष पेड़ों पर बौर तो भरपूर आए हैं, जिससे रिकॉर्ड पैदावार की संभावना है, लेकिन एक बड़ी बाधा सामने खड़ी है। इस साल अब तक एक बार भी बारिश नहीं हुई है। स्थानीय किसानों का मानना है कि, इस समय होने वाली हल्की बारिश फूलों पर जमी धूल और कीटों को साफ कर देती है, जिससे फूल धुलकर मजबूत हो जाते हैं। यदि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल रहा और बारिश हुई, तो फसल बड़े पैमाने पर होगी। लेकिन यदि शुष्कता बनी रही, तो फूलों के झड़ने का डर है, जिससे सीधा असर ग्रामीणों की जेब पर पड़ेगा।

### निगाहें आसमान पर, उम्मीद एक बारिश की

वनों की सौगात यहां के लोगों की आर्थिक दिनचर्या को सुचारू बनाए रखती है। वर्तमान में पूरा जशपुर इन पेड़ों की खुशबू से महक रहा है। अब बस किसानों को आसमान की ओर निगाहें टिकी हैं, ताकि एक अच्छी बारिश उनकी मेहनत और उम्मीदों को हकीकत में बदल सके और उनकी आर्थिक स्थिति को नई ऊंचाइयां दे सके।

## खबर संक्षेप

### माता संतोषी मंदिर का चतुर्थ वार्षिक उत्सव 11 को

**राजपुर।** महामाया मंदिर प्रांगण स्थित संतोषी माता मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव 11 फरवरी को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अखंड कीर्तन, भंडारा तथा स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जनपद उपाध्यक्ष आकाश अशोक अग्रवाल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा के आतिथ्य में आयोजित होंगे। वहीं लटोरी के जय मानस ग्रुप द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में चौरा की टीम बनी विजेता

**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम चौरा में आयोजित आधार कार्ड नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा की उपस्थिति में किआ गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष विनय भगत एवं जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल मंचासीन रहे। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला जिला सूरजपुर के जगन्नाथपुर एवं जिला बलरामपुर के चौरा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुकाबला चौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की और प्रतियोगिता का प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जगन्नाथपुर की टीम उपविजेता रही। इसी क्रम में महिला वर्ग का फाइनल मैच जिला सरगुजा की कुल्हाड़ी एवं जिला सूरजपुर की मानपुर टीम के बीच खेला गया। महिला खिलाड़ियों ने इस रोमांचक मुकाबले में मानपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुल्हाड़ी की टीम को द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार और सील्ड प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच देती हैं। खेल से अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में दी गई योजनाओं की जानकारी

**राजपुर।** विकासखण्ड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, जनभागीदारी बढ़ाना तथा स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा रहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ पंचायत ही सशक्त समाज की नींव होती है। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्वच्छता, पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ डॉ. आरके जायसवाल, ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं, टीकाकरण, आयुष्मान भारत, पोषण अभियान और रोग रोकथाम से संबंधित जानकारी दी तथा पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम मिंज, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम मोनू सोनी, नोडल अधिकारी गुरुचरण यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में होंगे 13 महतारी सदन, 8 भवनों का निर्माण जारी

# महतारी सदन से बदलेगी गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले में महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जशपुर जिले में महतारी सदन की संख्या अब 5 से बढ़कर 13 होने जा रही है। पहले चरण में बने 5 महतारी सदन का निर्माण पूरा होने के बाद इन्हें महिला स्वसहायता समूहों को सौंप दिया गया है। वहीं अब 8 नए महतारी सदनों का निर्माण कार्य अपने अंतिम दौर में है, जिनका लोकार्पण जल्द किया जाएगा।

कहां-कहां होंगे 8 महतारी सदन- प्राप्त जानकारी के अनुसार कांसाबेल विकासखंड में 2 महतारी सदन, कुनकुरी विकासखंड में 3, फरसाबहार विकासखंड में 3 महतारी सदन का निर्माण तेजी से चल रहा है। सभी भवन लगभग तैयार हैं और शीघ्र ही महिला समूहों को सौंपे जाएंगे।

अब बैठकों के लिए नहीं भटकेंगी बिहान दीदियां- अब तक स्वसहायता समूहों की बिहान दीदियों को बैठक, प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों के लिए पंचायत भवन या निजी घरों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार जगह नहीं मिलने से बैठकें रद्द हो जाती थीं और प्रशिक्षण बाधित होता था। इससे समूहों की कार्यप्रणाली भी प्रभावित होती थी। महतारी सदन बनने के बाद यह समस्या पूरी तरह खत्म हो गई है। अब दीदियों को अपनी गतिविधियों के लिए स्थायी, सुरक्षित और स्वतंत्र स्थान मिल गया है।

स्वावलंबन और सम्मान का प्रतीक बना महतारी सदन- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी सदन योजना आज ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वावलंबन और सम्मान का प्रतीक बनती जा रही है। इन भवनों में महिलाएं न केवल संगठनात्मक बैठकें कर पा रही हैं, बल्कि नियमित रूप से प्रशिक्षण और कौशल विकास गतिविधियों का संचालन भी कर रही हैं। इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।

### 2 हजार 500 वर्गफुट में सुविधाओं से लैस भवन

करीब 2 हजार 500 वर्गफुट क्षेत्रफल में बने महतारी सदन में कमरा, बड़ा हाल, बरामदा, किचन, स्टोर रूम, शौचालय, ट्यूबवेल, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्रीवॉल की भी व्यवस्था की गई है।

### निर्माण की गुणवत्ता और तय मानकों का विशेष ध्यान

आरईएस के कार्यपालन अभियंता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि, जिले में निर्माणाधीन सभी महतारी सदनों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि, निर्माण की गुणवत्ता और तय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। सभी भवनों में महिलाओं की आवश्यकता और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। शेष बचे कार्य जल्द पूरे कर महतारी सदनों को महिला स्वसहायता समूहों को सौंप दिया जाएगा, ताकि वे इसका नियमित उपयोग कर सकें।

## श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के मध्य स्थित श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार शाम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा का समापन भगवान श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य कथा और भव्य झांकी के साथ हुआ। इस दौरान भगवान कृष्ण की झांकी को देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। झांकी की दिव्यता को निहार उपस्थित धर्मावलंबी एक स्वर में "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जयकारा लगाते हुए कथा स्थल को गुंजायमान कर दिया।

■ भव्य झांकी की दिव्यता ने भक्तों को किया भाव-विभोर

**राजकुमार एवं धर्मपत्नी प्रभा यजमान-** चौथे दिन की कथा में राजकुमार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी प्रभा यजमान रहीं। विधिवत पूजन-अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा को आगे बढ़ाते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और संगीतमय वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भक्तों की रक्षा करते हैं।

**कृष्ण जन्म की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र-** कथा में विशेष आकर्षण के रूप में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी में कारागार में वासुदेव-देवकी, बालकृष्ण का प्राकट्य, नंदगोकुल का आनंद और ग्वाल-बालों की लीलाओं को सजीव रूप में दर्शाया गया। सुंदर सजावट, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। झांकी के दौरान पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। **भक्तिरस का अमृतपान कर भजनों पर झूमे श्रद्धालु-** कथा के दौरान संगीतमय भजनों और कीर्तनो का अमृतपान कर श्रद्धालु देर तक झूमते नजर आए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, कृष्ण जन्म के समय श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर आनंद प्रकट किया कथा के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया, जिसे आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ संपन्न कराया।

## जिले में 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन प्रक्रिया आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित की जाएगी। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम, समय पर दवा सेवन और आमजन में जागरूकता बढ़ाना कार्यक्रम का उद्देश्य है। यह कार्यक्रम जिले के सभी आठों विकासखंडों में विशेष रूप से लागू रहेगा।

■ आंगनबाड़ी, स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में होगा दवा सेवन

स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय कार्ययोजना के मुताबिक अलग-अलग चरणों में दवा वितरण किया जाएगा। बूथ, घर-घर भ्रमण, मॉप-अप राउंड और एमडीए कॉर्नर के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रहे।

दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों व वयस्कों को खिलाई जाएगी दवा- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा ने बताया कि, अभियान के दौरान फाइलेरियारोधी इवरमेक्टिन, डीईसी तथा कृमिनाशक अलबेंडाजोल की गोली दो वर्ष से अधिक आयु के सभी बच्चों और वयस्कों को खिलाई जाएगी।

चरणबद्ध होगें कार्यक्रम- आंगनबाड़ी, स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में 10 से 12 फरवरी तक बूथ लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य अमला घर-घर पहुंचकर समुदाय स्तर पर दवा देगा। 23 से 25 फरवरी छूटे हुए लोगों के लिए मॉप-अप राउंड के तहत दवा दी जाएगी। अभियान के 16 दिनों के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी के पास भी विशेष बूथ बनाए जाएंगे, ताकि इलाज के लिए आने वाले मरीज और परिजन भी मौके पर दवा ले सकें।स्वस्थ विभाग की नागरिकों से अपील- सवास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि, वे दवा सेवन को लेकर किसी प्रकार की भ्रांति न रखें। टीम को सहयोग करें और अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य दिलाएं। नियमित और सामूहिक दवा सेवन से ही फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## रासायनिक खाद से मुक्ति की हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर द्वारा 6 फरवरी शुक्रवार को विकासखंड बगीचा के ग्राम तालासीली में प्राकृतिक खेती पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बदलते कृषि परिदृश्य, बढ़ती लागत और मिट्टी की गिरती सेहत के बीच यह पहल किसानों के लिए नई दिशा लेकर आई। कार्यक्रम का उद्देश्य खेती को कम खर्चीला, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की वैज्ञानिक जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना था।

निम्न बिंदुओं रक दिया गया प्रशिक्षण- प्रशिक्षण में केंद्र के वैज्ञानिक प्रदीप कुजूर ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि, यह प्रणाली मिट्टी, जल, फसल और पशुधन के संतुलित उपयोग पर आधारित है। उन्होंने शून्य जुताई, शून्य उर्वरक, मल्चिंग, वाफसा, बीजामृत, मिश्रित फसल प्रणाली और पशुधन एकीकरण जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि, इन पद्धतियों को अपनाने से मिट्टी की जैविक सक्रियता बढ़ती है, सूक्ष्मजीवों का संरक्षण होता है और खेत की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता घटने से किसानों का खर्च कम होता है और फसल अधिक सुरक्षित रहती है।

लागत घटी, आय बढ़ी- वैज्ञानिकों ने जोर देकर कहा कि, प्राकृतिक खेती जोखिम कम करने वाली पद्धति है। अंतरफसली व्यवस्था अपनाने से एक ही खेत से कई प्रकार की उपज मिलती है, जिससे आमदनी के रास्ते बढ़ते हैं। यह जल संरक्षण में भी मददगार है और 'प्रति बूंद अधिक फसल' की सोच को मजबूत बनाती है। किसानों का उत्साह- कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में इसे अपनाने की इच्छा जताई। उनका कहना था कि, प्राकृतिक खेती से जहां पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, वहीं गांवों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। कई किसानों ने अपने खेतों में प्रयोग शुरू करने की बात भी कही। प्रकृति की ताकत पर बढ़ता भरोसा-कृषि विज्ञान केंद्र की इस पहल को ग्रामीण अंचल में खेती की बदलती तस्वीर की शुरुआत माना जा रहा है, जहां रसायनों की जगह प्रकृति की ताकत पर भरोसा बढ़ रहा है।

## छोटे-छोटे बच्चों ने मंदिर में घुसकर दानपेटी से निकाले थे रुपए



**अंबिकापुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर के दानपेटी से रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में तीन विधि से संघर्षरत बालओकों को पकड़ा है।

पुलिस द्वारा नाबालिगों की सामाजिक पृष्ठभूमी भरकर वैधानिक कार्रवाई की गई है। बता दें कि 4 फरवरी की दरम्यानी रात कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर की दान का ताला तोड़कर रुपए चोरी करने का मामला सामने आया था। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। कलेक्टर-एसपी कार्यालय सामने मंदिर से चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच उपरान्त 3 विधि से संघर्षरत बालको को पकड़कर पूछताछ की तो नाबालिगों ने अज्ञानता से मंदिर मे घुसना एवं जिज्ञासा वश दान पेटी को खोलकर देखा जाना बताया गया, उक्त दान पेटी को खोलने पर कुछ नगदी रकम मिला जिसे नाबालिगों ने खर्च कर दिया।

इस मामले में विधि से संघर्षरत बालको की सामाजिक पृष्ठभूमी भरकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, नितिन सिन्हा, विवेक राय, अतुल सिंह सक्रिय रहे।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस व आवास दिवस का आयोजन

# विकसित भारत जी-राम-जी योजना की दी गई विस्तृत जानकारी

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया।



इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार, आजीविका एवं आवास से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा। उल्लेखनीय है कि, प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाला रोजगार दिवस शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, सुशासन एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। रोजगार दिवस के दौरान ग्रामीणों एवं मनरेगा श्रमिकों को विकसित भारत जी-राम-जी योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं संचालित कार्यों की जानकारी मोबाइल के माध्यम से प्राप्त करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी सुलभ होने से कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं विश्वास और अधिक मजबूत हो रहा है।

### विकसित भारत जी-राम-जी योजना पर विशेष चर्चा

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी मनरेगा के स्थान पर नवीन योजना 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण के उद्देश्य, स्वरूप एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि, इस योजना के तहत रोजगार गारंटी को बढ़ाकर ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निगरानी, बेरोजगारी भत्ता, जल सुरक्षा एवं जल संबंधी कार्यों को प्राथमिकता तथा मूलभूत ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने जैसे प्रावधान शामिल हैं, जिससे सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना पर फोकस आवास दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में अपने आवासों का निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके।

### इनकी उपस्थिति हुई दर्ज

इस संयुक्त आयोजन में मनरेगा श्रमिक, आवास हितग्राही, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित जनपद एवं जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### करमपुर की टीम ने 3-1 से जीता फुटबॉल प्रतियोगिता

**मानीचौक।** ग्राम जोबगा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बगदरी एवं करमपुर की टीमों के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में करमपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बगदरी की टीम को 3–1 गोल से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। करमपुर की टीम ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे, जबकि बगदरी की टीम निर्धारित समय में केवल एक गोल ही कर सकी। आयोजक समिति द्वारा विजेता करमपुर टीम को 14 हजार नगद एवं शील्ड तथा उपविजेता बगदरी टीम को 8 हजार नगद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच हितेंद्र सिंह मरकाम ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है। इस दौरान उप सरपंच हरिता पैकरा, पटेल कमल प्रसाद, पंच नेत राम पोर्ते, राजेंद्र प्रसाद, रंगिता रजवाड़े, रेफरी नेतुराम, दुलार सिंह, दुर्गा रजवाड़े, समीप रजवाड़े, प्रतीक पैकरा, समीर, विक्रम, प्रवीण, राजेंद्र, उमाशंकर, संतोष, सिंगल पण्डो, सिकन्दर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### जनचेतना कल्याण मंच ने हिमांशी को किया सम्मानित



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सुनील गुप्ता की पुत्री हिमांशी गुप्ता ने यूजीसी नेट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे रामानुजगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में जनचेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे द्वारा हिमांशी गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उन्हें साल श्रीफल डायरी कलम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे, मनोज तिवारी, दामोदर मिश्रा, उज्जवल तिवारी एवं हिमांशी के माता-पिता सुनील गुप्ता व श्रीमती ज्योति गुप्ता सहित परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने हिमांशी को क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### घुनघुट्टा डैम में नाव पलटने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** घुनघुट्टा डैम में मछली मारने के दौरान नाव पलटने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कलगसा निवासी विरूच राम आ. ठुरू राम (54 वर्ष) गुरूवार की सुबह अपने नाव से मछली पकड़ने घुनघुट्टा डैम गया था। डेम से जैसे मछली निकाल रहा था तभी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे विरूच पानी में डूब गया। इधर दूसरे नाव में मछली पकड़ रहे चचेरा भाई महेश्वर सिंह ने भाई का नाव पलटते व पानी में डूबते देखा तो गांव के ही राम सागर व ब्रह्म देव के साथ तत्काल मौके पर पहुंचा और किसी तरह विरूच को पानी से निकाल अपने नाव में चढ़ाया। भाई के अचेत हो जाने पर उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पीएम श्री सेजेस विद्यालय में शनिवार को मनाया गया बैगलेस डे

**बिश्रामपुर।** पीएमश्री सेजेस जयनगर में आज शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं गतिविधि-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए,बैगलेस डे अंतर्गत विद्यार्थियों ने खेलकूद, कला एवं हस्तकला, समूह गतिविधियां, शैक्षणिक खेल, गीत-कविता तथा अन्य आनंददायक गतिविधियों में हिस्सा लिया गया,इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिना पुस्तकों के तनाव के सीखने को आनंदमय और रोचक बनाना था।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने गए युवक की बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदरई में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया,इस दौरान फाइनल मैच देखने गए हर्राटिकरा के माझापारा निवासी युवक तुलेश्वर पिता रामचंद्र की हीरो पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 4468 को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया,पुलिस में दर्ज कराए शिकायत में तुलेश्वर ने बताया कि वह फुटबॉल का फाइनल मैच देखने कंदरई गया था और वह कंदरई पंचायत भवन के सामने अपनी बाइक को खड़ी कर फुटबॉल देख रहा था।

## नियमित नहीं होती कक्षाओं की सफाई,कचरा के बीच पढ़ते हैं बच्चे

# साफ सफाई के अभाव में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की हालत बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- परिसर में जगह जगह फैला रहता है कचरा

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद इंग्लिश,हिंदी माध्यम स्कूल, जिसे गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की रीढ़ बताया गया था। लेकिन प्रतापपुर विकासखंड के डाड़करवां स्थित स्कूल में खुद अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। स्कूल के क्लासरूम से लेकर शौचालय तक फैली भारी गंदगी, कूड़ा-करकट और बदबू ने न केवल शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्कूल प्रबंधन की उदासीन रवैया से स्कूल की हालत बदहाल हो गई है। आलम यह है कि स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे परिसर सहित कक्षाओं में नियमित सफाई नहीं होने से कक्ष में फैले कचरा के बीच पढ़ाई करने तथा परिसर में खेलने को मजबूर है। इधर परिजन ने स्कूल की सफाई नहीं होने से नाराजगी जताई है।

शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। प्रदेश सरकार द्वारा निजी स्कूल की तरह न सिर्फ व्यवस्था हो बल्कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आए इसके लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर के डांडकरवां में शासन की उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित है लेकिन स्कूल प्रबंधन की लापरवाही तथा देख रेख के अभाव में स्कूल परिसर कूड़ा करकट में तब्दील हो गया है। यहां तक की साफ सफाई के अभाव में स्कूल परिसर में जगह जगह कचरा है वही कक्षाओं में भी सफाई के अभाव में कचरा बिखरे हुए है। हैरानी की बात तो यह है कि जो छत्तीसगढ़ सरकार के स्टैंडर्ड स्कूलों में गिनती आती है उसकी हालत बदहाल है। स्कूल में प्रारंभ से ही भृत्य का अभाव है। हालांकि सरकार द्वारा भृत्य अटैच किया है लेकिन वह भी नहीं आता। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि स्कूल में कोई भृत्य है ही नहीं जिससे चपरासी के अभाव में साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। नियमित साफ सफाई नहीं होने से स्कूल की हालत दयनीय होती जा रही है। स्थिति यह है कि बच्चे कूड़ा करकट गंदगी के बीच स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्कूल में 15 दिन या माह भर में एक बार झाड़ू लगाता है जिससे बच्चों के मानसिक स्थिति में भी गिरावट आ रही है। कूड़ा करकट लगातार बढ़ने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने पर शिक्षकों ने कई बार प्रशासन से भृत्य की मांग की लेकिन आज तक मांग पूरी नही हो सकी जिससे स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां स्कूल में ही उड़ाई जा रही है।





क्लासरूप में एकत्र कचरा

### असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

एम ओर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में भृत्य के नहीं होने से साफ-सफाई की समस्या से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने और भी समस्या बढ़ा दी है। इतने बड़े स्कूल परिसर का रख रखाव और सफाई अच्छे सके और असामाजिक तत्व परिसर में दाखिल न हो इसे लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल परिसर खुला होने तथा कोई गार्ड के नहीं होने पर शाम ढ़लते ही परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। जहां नशेड़ी बड़े आराम से नशाखोरी कर परिसर में ही कचरा फैला कर चले जाते है।

### बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे परिजन

बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके मद्देनजर प्रतापपुर सहित आसपास के गांव के बड़ी संख्या में परिजन ने अपने बच्चों का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराया है। लेकिन स्कूल में साफ-सफाई नहीं होने तथा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर परिजन चिंतित है। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतरा रहे हैं।

### झाड़ लेते है पल्ला

स्कूल की बदहाली की जानकारी कई बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दी गई, लेकिन न निरीक्षण हुआ, न चेतावनी, न कार्रवाई। ग्रामीणों का आरोप है कि बीईओ की उदासीनता और वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहने की प्रवृत्ति ने ऐसी स्थिति हो गई है। स्कूल प्राचार्य द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लेते है कि स्वीपर नहीं है। ऐसे में स्वीपर नहीं होने की सजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है और स्वामी आत्मानंद स्कूल और सामान्य स्कूलों में फर्क ही नहीं रह गया है।

### कराई जाएगी जांच

स्कूल में नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है यह गलत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग को पत्र लिख कर मौके की जांच कराई जाएगी।

-ललिता भगत, एसडीएम

## स्वस्थ पंचायत सम्मेलन में बड़ी संख्या में शामिल हुए मितानिन



**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर के सामुदायिक भवन में विकासखंड स्तरीय मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य पंचायत संवाद सम्मेलन का आयोजित किया। सर्व प्रथम मां सरस्वती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मितानिनों द्वारा ग्रामीण स्तर पर होने वाली समस्याओं एवं महतारी जतन योजना रेडी टू ईट समय पर पेमेंट नहीं मिलने, महतारी वंदन योजना में कई महिलाओं व बुजुर्ग महिलाओं का अंगूठा का निशान मिटने के कारण उनका फिंगर केवाईसी नहीं होने के कारण इसका लाभ कई महीनों से नहीं मिलने के संबंध में चर्चा की। साथ ही कई महिलाओं द्वारा बताया गया कि महतारी वंदन का पैसा अंगूठे का निशान मिटने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है न ही केवाईसी हो रही है। महिला बाल विकास के कार्यालय में जाने पर वहां के कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि यह समस्या राज्य स्तरीय है। राज्य से ही इसका कोई निराकरण निकल सकता है। लगभग 200 प्रकार की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर अधिकारियों ने समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। साथ ही जन प्रतिनिधियों द्वारा फिर से मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में सम्मेलन करने और शिकायत राज्य स्तरीय है जिसका निराकरण कराने की बात कही। मितानिनों के जिला कॉर्डिनेटर द्वारा कहा गया कि अगर समय रहते समस्या का निराकरण नहीं होता है तो उच्च स्तर पर अपनी समस्याओं को रखने और निराकरण कराने की मांग करने की बात कहीं। इस दौरान दिनेश साहू, दिनेश बारी, शशि कला, विक्रम सिंह,कामेश्वर राजवाड़े, राकेश अग्रवाल, चमन सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन में विविध मुद्दों पर की गई चर्चा

**अम्बिकापुर।** जनपद पंचायत परिसर में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के बढ़ी संख्या में मितानिन शामिल हुई। साथ ही विविध मुद्दों पर चर्चा की गई। मितानिनों ने बताया कि गांव में जो समस्या का समाधान नहीं होता उस समस्या को 1 वर्ष में एक बार सम्मेलन किया जाता है। जिसमे ब्लॉक तक अपने समस्याओं को लेकर आते है और जिस विभाग व जनप्रतिनिधियों को देना है उसके देते है। मितानिन शासन की योजनाओं को घर घर पहुंचाने की कार्य करती है ताकि शासन की योजना का लाभ लोगों को मिल सके। आज मितानिन का आवेदन आया है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी कही जाने वाली मितानिनों को अपने का पैसा दो माह से आधी राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा अन्य समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को अवगत कराए जाएंगे।

## विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल में कई पंचायतों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का समापन हाई स्कूल ग्राउंड में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला पोर्ते ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि सरगुजा ओलम्पिक जैसे आयोजनों से ग्रामीण अंचलों की छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेल युवाओं को नशे व गलत दिशा से दूर रखकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित अन्य खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। समापन अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खेल प्रशिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सफल आयोजन के लिए खेल विभाग और आयोजन समिति की सराहना की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह,जनपद पंचायत सीईओ अनिल तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### संत कबीर जयंती पर किया गया कार्यक्रम

**राजपुर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत कबीर दास की जयंती के अवसर पर ग्राम नवकी के खाड़पारा मोहल्ले में भव्य कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश सोनवानी शामिल हुए। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनका फूल-मालाओं एवं गाजा-बाजा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संत कबीर दास के विचारों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन बीरेंद्र रवि ने किया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, श्रवण कुमार भारती, लालबहादुर भास्कर, श्यामलाल रवि, भीमसेन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## किसान के घर से साढ़े तीन लाख की चोरी


**बिश्रामपुर।** करंजी चौकी अंतर्गत ग्राम सोहागपुर में अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर से नगदी रकम सहित कई लाख रुपये के जेवरात चोरी कर ले गये,पीड़ित की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 334(4),305 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में ग्राम सोहागपुर निवासी किसान नरेश कुमार रैकवार पिता गिरधारी लाल 45 वर्ष ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ रहता है,घर के पिछले हिस्से में उसके माता-पिता रहते हैं,जबकि सामने के हिस्से में वह स्वयं रहता है,गुरुवार 5 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने निजी कार्य से बिश्रामपुर गया हुआ था और घर का दरवाजा बंद कर गया था,रात करीब 8 बजे जब वह वापस लौटा तो घर का दरवाजा खुला हूआ मिला,अंदर जाकर देखने पर पलंग के नीचे रखी पेटी गायब थी,उक्त पेटी में डेढ़ तोला सोने की चैन,एक जोड़ी चांदी की पायल,चार नग चांदी की बिछिया,तीन नग चांदी के सिक्के, 40 हजार रुपये नगद,बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट के कागजात एवं चेकबुक रखी हुई थी,जो पेटी सहित चोरी हो गई। परिजनों से पूछताछ के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पीड़ित ने करंजी पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी,सूचना पर करंजी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चोरी किये गए जेवरात एवं नगदी की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी है।



## ज्ञानोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 11 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**रामानुजगंज।** ज्ञानयज्ञ परिवार द्वारा आयोजित ज्ञानोत्सव के शुभारंभ से पूर्व नगर में 11 फरवरी को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने बताया की कलश यात्रा का विधिवत शुभारंभ प्रातः 8.30 बजे राम मंदिर से होगा। समिति द्वारा बताया गया कि वैदिक यज्ञ का आयोजन मां महामाया मंदिर के समीप स्थित गायत्री यज्ञशाला परिसर में किया जाएगा, जबकि भागवत चरित्रामृत कथा के आयोजन हेतु आमंत्रण धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा। कलश यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर होते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए यात्रा गायत्री यज्ञ परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा के गायत्री यज्ञ परिसर पहुंचने के पश्चात ज्ञानयज्ञ परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ज्ञानयज्ञ परिवार का मुख्य आयोजन ज्ञानोत्सव 12 फरवरी से प्रारंभ होगा। समिति के अनुसार कार्यक्रम को लेकर आमंत्रण वितरण सहित सभी आवश्यक तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है तथा समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी।



## 11 केवी लाइन बर्स्ट होने से शिवनन्दनपुर में 21 घंटे विद्युत सप्लाई रही ठप

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित फौजी गली समेत अन्य मोहल्लों में शुक्रवार की रात से बाधित हुई विद्युत सप्लाई की अगले दिन शनिवार के शाम सवा पांच बजे बहाली हो पाई,जिससे 21 घंटे तक लोग बिना बिजली के परेशान हो गये, शुक्रवार की रात को पूरी तरह से ब्लैक आउट की स्थिति बनने के बाद अगले दिन भी विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया, वार्डवासी पानी समेत अन्य रोजमर्रा के कामों के लिए भटकते नजर आये,दरअसल विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में रात करीब 8 बजे अचानक 11 केवी लाइन का केबल बीच से बर्स्ट हो गया।

बर्स्ट होने का मुख्य कारण मेन लाइन तार का ठीक से इनस्टॉल नहीं होना बताया गया है, पोल के ऊपर हुक में बाँधने के बजाय मेन लाइन केबल को ऊपर हूक में फंसा कर छोड़ दिया गया था जिससे लोड पड़ने व गरम होने पर मेन लाइन केबल बर्स्ट हो गया, ऐसे में फ़ौजी गली समेत अन्य मोहल्लों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई,बिजली गुल होने से घरों में लगे पंखे, पानी मोटर, गिजर, टीवी और अन्य आवश्यक उपकरण बंद हो गए।बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली बाधित रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई, वहीं दुकानदारों और घरेलू व्यवसाय से जुड़े लोगों का काम भी ठप्प पड़ गया। सूचना मिलने पश्चात विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर की टीम मौके पर रात को पहुंची लेकिन जरुरी उपकरण के अभाव में सुधार करने टीम फॉल्ट ढूंढने पश्चात वापस लौट गई, इसके बाद अगले दिन शनिवार को पुनः सुधार कार्य 11 बजे से शुरू कराया गया,लेकिन ठेकेदार के माध्यम से चल रहे रिपेयर कार्य में जरुरी उपकरण मिलने में देरी हो गई जिसमें शाम सवा 5 बजे तक सुधार कार्य चला, जिसके बाद विद्युत सप्लाई बहाल हो पाई।



दो साल में चार बार से अधिक मेन लाइन में आ चुकी है समस्या,अब तक स्थाई समाधान नहीं:_ बताया गया कि पिछले दो वर्षों में वार्ड नंबर 2 स्थित फ़ौजी गली समेत अन्य मोहल्लों पर से गुजरने वाली 11केवी मेन लाइन में चार से पांच बार शॉट एवं बर्स्ट होने की घटनाएं हो चुकी हैं, हर बार सुधार कार्य करने में कई घंटों का वक्त लग गया, ऐसे में हमेशा ब्लैक आउट की स्थिति बन जाती है,जानकारों के मुताबिक कवर्ड 11 के वी मेन लाइन केबल की उच्च क्वालिटी व क्षमता की स्थापना नहीं हो पाने से यहां पर समस्या बार बार उत्पन्न हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि अस्थायी मरम्मत के बजाय उच्च क्वालिटी व क्षमता की मेन लाइन केबल स्थापित किये जाये ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या अब दोबारा न हो।

## सरगुजा में फिर शीतलहर का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर से पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है तथा सरगुजा शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहा है। आसमान साफ होने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह आगे भी जारी रहने एवं 10 फरवरी के बाद तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

अब शीत ऋतु समाप्त हो चुकी है तथा ग्रीष्म ऋतु ने दस्तक दे दी है लेकिन सरगुजा में अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण एक पखवाड़े से मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। जनवरी के अंतिम दिनों में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने से ठंड से राहत मिल गई थी। फरवरी के शुरूआत में भी तापमान 10 डिग्री के ऊपर पहुंच गया था उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद आसमान पूरी तरह से साफ हो गया है तथा पिछले दिन से चल रही पश्चिमोत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। पश्चिमोत्तर की शीतलहर के प्रभाव से शनिवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 6.3 डिग्री पर पहुंच गया है जो सामान्य से 4.9 डिग्री कम है। आसमान साफ रहने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह आगे भी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पश्चिमोत्तर की हवाएं पिछले दिनों विक्षोभ के प्रभाव से मध्यप्रदेश सहित आसपास के राज्यों में हुई ओलावृष्टि एवं बर्फबारी की ठंडक लेकर पहुंच रही है जिससे अधिक ठंड महसूस हो रही है। फिलहाल उत्तर भारत में कोई मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है ।

### तीन दिनों तक नहीं राहत की संभावना



### नवम्बर से पड़ रही है कड़ाके की ठंड

इस बार नवम्बर के महीने से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड रही है। बीच-बीच में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक-दो दिनों तक तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है जबकि शेष दिनों में तापमान सामान्य से नीचे रहा है। दिसम्बर एवं जनवरी में अधिकांश दिन तापमान 10 डिग्री के नीचे एवं कई बार शीतलहर के प्रभाव से 5 डिग्री के नीचे रहकर कई रिकॉर्ड भी बना चुका है। इस बार नवम्बर में 38 सालों बाद तापमान में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई तथा 38 सालों बाद प्रथम सप्ताह में शीतलहर का सामना करना पड़ा। इस बार दिसम्बर में 1996 के बाद रिकॉर्ड ठंड पड़ी तथा पहले पखवाड़े में लगातार 11 दिनों तक शीतलहर चलती रही। इस दौरान दिसम्बर का औसत तापमान 5.7 डिग्री से निचले स्तर पर पहुंच गया था। दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में पारा सामान्य से नीचे 4.9 डिग्री पर पहुंच गया था तथा अंतिम समय में सामान्य के निकट पहुंचा था।



# चिरंजीवी की 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' ओटीटी पर मचाएगी तहलका

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' संक्रांति के मौके पर 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जिन लोगों ने उस वक्त फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया था, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने का मौका मिलेगा। निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज तारीख जारी कर दी है। एक खुशखबरी यह भी है कि फिल्म को तेलुगु के अलावा हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा जिससे हिंदी पट्‌टी के दर्शक भी इसे देख सकेंगे। चिरंजीवी की फिल्म 'मन शंकर वरप्रसाद गरु' जी5 पर दस्तक देगी। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन दिया, '11 फरवरी को आ रही है! अब तक की सबसे बड़ी घोषणा।

## लाइफ Style



# रश्मिका
## शाहिद के संग फिर बनेगी जोड़ी

शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' से चर्चा में है, जिसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई। कृति सैनन भी फिल्म का हिस्सा हैं, और इस तिकड़ी को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बीच, हालिया जानकारी में बताया गया है कि शाहिद और रश्मिका एक अन्य फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। दोनों से जब बिना शीर्षक वाली आगामी फिल्म के लिए बातचीत की गई तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद और रश्मिका 'बधाई हो' और 'मैदान' के निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा की अगली फिल्म में साथ नजर आएंगे। यह अनाम फिल्म रोमांस और कॉमेडी का एक नया मिश्रण पेश करने का वादा करती है, जिसका निर्माण सुनीर खेत्रपाल, वर्मिलियन वर्ल्ड बैनर के तहत जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। सुनीर इससे पहले जॉन अब्राहम अभिनीत 'रॉकी हैंडसम', वरुण धवन की 'बदला' और 'फर्रे' जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शाहिद और रश्मिका इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग इसी साल अगस्त या सितंबर महीने से शुरू कर देंगे। फिलहाल अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रचार में व्यस्त हैं जो 13 फरवरी को रिलीज हो रही है। इसके अलावा, अभिनेता ने अपनी वेब सीरीज 'फर्जी' के दूसरे सीजन को लेकर भी संकेत दे दिया है। राज और डीके द्वारा निर्मित इस सीरीज में उन्हें दोबारा सनी के किरदार में देखा जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रियंका-निक का नया एल्बम रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकी सिंगर निक जोनास से शादी रचाकर सात समंदर पार बस गई हैं। उम्र में काफी फासला होने के बावजूद निक और प्रियंका की जोड़ी फैंस के बीच काफी पसंद की जाती है। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री और समझ है। इसी बीच 06 फरवरी को निक जोनास का नया एल्बम 'संडे बेस्ट' रिलीज हुआ है। देसी गर्ल ने पति को बधाई दी है। साथ ही ढेर सारी पुरानी फोटोज भी शेयर की हैं। शुक्रवार 6 फरवरी को निक जोनास का नया एल्बम रिलीज हुआ है।



# आजादी से काम नहीं कर सकती अमेरिका छोड़ने का बनाया मन

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट' फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। 'द टाइम्स ऑफ लंदन' से हालिया बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं। इस पर उनका जवाब था, 'शायद नहीं।' वह आगे कहती हैं, 'मैं यहां आजादी से काम नहीं कर सकती हूं।' अपने इंटरव्यू में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने ट्रंप की नीतियों को लेकर नाराजगी जाहिर की।



# कोंकणा की वेब सीरीज को मिले कलाकार

**मुंबई।** अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा 'ए डेथ इन द गंज' और 'लस्ट स्टोरीज 2' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर पहले ही अपनी काबिलियत को सिद्ध कर चुकी हैं। फिलहाल अपनी आगामी वेब सीरीज को लेकर चर्चा में हैं जिसके कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर होने की संभावना है। ताजा जानकारी है कि इस सीरीज के लिए मुख्य कलाकारों की अभिनेत्री की तलाश आखिरकार खत्म हो गई है। यहां जानिए उन्होंने सीरीज के लिए किन सितारों पर दांव लगाया है। कोंकणा की आगामी सीरीज के लिए अदिति राव हैदरी और बरुण सोबती को फाइनल किया गया है, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। वैसे तो दोनों सितारे कई वेब सीरीज का हिस्सा रहे हैं, जिसमें अदिति को खासतौर पर 'हीरामंडी' और बरुण को 'कोहरा', 'असुर' के लिए जाना जाता है।



# 'सनम तेरी कसम-2' का बनना तय...

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे और पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन की फिल्म 'सनम तेरी कसम' 2016 में रिलीज हुई थी जिसने लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल की। 2025 में जब इसे दोबारा रिलीज किया गया तो इसने लोगों तहलका ही मचा दिया। सिर्फ 3 दिनों में करीब 15 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया। फैंस बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं जिसके बनने की खबरें कई बार आईं, लेकिन निर्माता दीपक मुकुट ने सीक्वल की पुष्टि कर दी है। 'सनम तेरी कसम 2' के 10 साल पूरे होने पर निर्माता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मुझे बचपन से फिल्म निर्माण में दिलचस्पी रही है। सबसे ज्यादा मुझे इस बात ने आकर्षित किया कि मैं एक निर्माता बनकर इसे साकार करने में मदद कर सकूं। सनम तेरी कसम के साथ मेरा यह सपना साकार हुआ।

## टीवी मसाला



# द 50: अखाड़ा बना शो, पांच दिनों में सिर्फ दिखा वॉयलेंस

**मुंबई।** पूरे 50 सेलेब्स के साथ शुरू हुए शो 'द 50' ने ऑडियंस को एटंरटेन करने के बड़े दावे किए थे। ऐसा भी कहा गया कि ये शो रियलिटी शोज का बाप कहलाएगा लेकिन बीते 5 एपिसोड को देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लगता है। शो में एंटरेटनमेंट कम, लड़ाई-झगड़े ज्यादा हो रहे हैं। कुछ सेलेब्स दिख नहीं रहे। कई ऐसे हैं जिन्हें पता नहीं करना क्या है। बाकी के बचे हुए सेलेब्स अपना एग्रेशन दिखाने में बिजी हैं। अभी तक वायलेंस के लिए बिग बॉस की लड़ाइयों को ही याद किया जाता था लेकिन द 50 के झगड़ों के आगे बिग बॉस की फाइट कुछ नहीं दिखती। रजत ने लड़ाई में दिग्विजय को जोर का धक्का मारा था। उनकी गर्दन दबोची थी। बिना किसी इंटेंस लड़ाई के रजत को यूं आपा खोता देख सभी चौंके थे। कई कंटेस्टेंट्स ने इस बर्ताव पर नाराजगी जताते हुए कड़े एक्शन की अपील की थी लेकिन हुआ कुछ नहीं। लॉयन ने किसी को सजा नहीं दी। इसका नतीजा ये हुआ कि बीते एपिसोड में फिर से वॉयलेंस देखने को मिला।

***मैक्सटर्न और अर्चित के बीच हुआ झगड़ा :*** मैक्सटर्न और एल्विश यादव के दोस्त अर्चित कौशिक के बीच झगड़ा हुआ. गुस्से में अर्चित ने मैक्सटर्न को जोर का धक्का मारा कि वो नीचे गिर पड़े। ये सब देखकर लायन को गुस्सा आया। लॉयन ने ऑन द स्पॉट अर्चित के खिलाफ एग्जिट ऑर्डर पास किया। द 50 में जिस तरह खिलाड़ी आपा खो रहे हैं, वो देखकर लोगों का कहना है ये शो नहीं, अखाड़ा है। शो के फॉर्मेट पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### सेलेब्स के फीके तेवर

टीवी इंडस्ट्री, भोजपुरी सिनेमा और यूट्यूब की दुनिया के धुरंधर खिलाड़ी शो में अपना चार्म दिखाने में पीछे रहे हैं क्योंकि शो में इतने सारे सेलेब्स हैं, 1 घंटा एपिसोड आना है इसलिए भी कंटेस्टेंट्स को ज्यादा फुटेज नहीं मिल रही है। इस 1 घंटे में शो के हाई टॉपिक, ट्रेंडिंग सेलेब्स, लाइट मोमेंट्स, टास्क और झगड़े सब दिखाने हैं। मेकर्स के लिए इसे मैनेज करना बडी चुनौती है। यही वजह है कि बड़े सेलेब्स को लाने के बावजूद ये शो कमजोर दिख रहा है।

### सपांच दिन की रिपोर्ट में शो लगा बोरिंग

कंटेस्टेंट्स को अपना पोटेंशियल दिखाने का मौका नहीं मिल रहा है। पांच दिनों के रिव्यू में शो बोरिंग लगा है। शो में द ग्रेट खली, हिमेश रेशमिया को बतौर गेस्ट लाया गया। जो बेसिकली टास्क का हिस्सा बने लेकिन उनकी मौजूदगी भी शो के लिए बज क्रिएट नहीं कर पाई है। ऐसे में बड़ा सवाल है, कैसे इस थकेले फॉर्मेट के साथ ये शो 50 दिनों तक सर्वाइव कर पाएगा?

# सोनाक्षी पुलिस की वर्दी में फिर जमाएंगी रौब
# लौटेगा 'दहाड़' का दूसरा सीजन

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'दहाड़' में सोनाक्षी सिन्हा को पुलिस की वर्दी में देखना फैंस के लिए काफी दिलचस्प अनुभव था। अभिनेता गुलशन देवैया और विजय वर्मा भी इस सीरीज का अहम हिस्सा थे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर गहन छाप छोड़ी थी। पुलिस और क्राइम पर आधारित इस सीरीज के दूसरे सीजन सीजन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो जल्द खत्म होगा। सीरीज पर ताजा अपडेट आ गया है।

***राजस्थान में शुरू होगी 'दहाड़' के दूसरे सीजन की शूटिंग :*** मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, जोया अख्तर और रीमा कागती द्वारा निर्मित 'दहाड़' दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही है। टीम और कास्ट इसी महीने से राजस्थान में शूटिंग शुरू करने वाली है। बताया जाता है कि निर्माता लंबे समय से दूसरी किस्त के लिए कहानी तय करने में लगे हुए थे, जो फाइनल हो चुकी है और पिछले कई महीनों से प्री-प्रोडक्शन में है। निर्माता इसे दोबारा से बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं।



### 'दहाड़' की कहानी और कास्ट

'दहाड़' का पहला सीजन मई, 2023 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था जिसके जरिए सोनाक्षी ने अपना डिजिटल डेब्यू किया था। इसमें उन्होंने सब-इंस्पेक्टर अंजलि भाटी की भूमिका निभाई थी जिसे राजस्थान के सार्वजनिक शौचालयों में रहस्यमयी मौतों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। विजय ने खतरनाक सीरियल किलर का किरदार निभाया था। उनके अलावा सोहम शाह भी इसका हिस्सा थे। बता दें, 'दहाड़' बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रीमियर होने वाली पहली भारतीय वेब सीरीज है।

# 'सैयारा' की वापसी, दोबारा शुरू हुआ
# अहान से इश्क का सफर

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे 2026 के जश्न को दोगुना करने के लिए अहान पांडे और अनीत पड्डा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'सैयारा' फिर सिनेमाघरों में लौट आई है। आठ महीने पहले पर्दे पर अपनी केमिस्ट्री से आग लगाने वाली ये जोड़ी अब दोबारा दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। साल 2025 की इस सुपरहिट लव स्टोरी को खासतौर पर 'वैलेंटाइन वीक' के लिए री-रिलीज किया गया है ताकि फैंस बड़े पर्दे पर इस इश्क के सफर को फिर से जी सकें।

***7 से 13 फरवरी तक चलेंगे फिल्म के शो :*** वैलेंटाइन डे से पहले प्रशंसकों को सरप्राइज देते हुए अहान और अनीत की 'सैयारा' 7 फरवरी से दोबारा सिनेमाघरों में लौट आई है। हालांकि निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के शो नजर आने लगे हैं। ये फिल्म 7 से 13 फरवरी तक मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे जैसे बड़े शहरों के चुनिंदा सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी, ताकि दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इस 'म्यूजिकल रोमांस' का लुत्फ उठा सकें।



### 'सैयारा' से दर्शकों के बीच छा गए थे अहान-अनीत

बता दें कि साल 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से अहान ने अपना फिल्मी सफर शुरू किया था, वहीं अनीत पड्डा पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं। पहली ही फिल्म में दोनों की केमिस्ट्री ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों ने इस जोड़ी पर इतना प्यार लुटाया कि ये रातों-रात नेशनल क्रश बन गए।

## अभिषेक को 2025 के फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का मिला था पुरस्कार
# अभिषेक बच्चन को इन फिल्मों ने ओटीटी पर दिलाई शोहरत

***मुंबई।*** *बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन 5 फरवरी, 2026 को 50 साल के हो चुके हैं। इंडस्ट्री में उन्हें अपने पिता अमिताभ बच्चन की तरह भले सुपरस्टार का दर्जा न मिला हो, लेकिन अभिनय के दम पर उन्होंने फैंस का ध्यान हमेशा आकर्षित किया है। पिछले कुछ साल से अभिषेक लगातार ओटीटी के जरिए तहलका मचा रहे हैं। उनकी कई फिल्में आईं जिन्होंने उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शोहरत दिलाने का काम किया है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है।*



### 'द बिग बुल' और 'बॉब बिस्वास'

साल 2021 में जियोहॉटस्टार पर रिलीज 'द बिग बुल' स्टॉक ब्रोकर हर्षद मेहता की जिंदगी और 1992 के वित्तीय घोटालों पर आधारित फिल्म है। कूकी गुलाटी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में हर्षद का किरदार प्रतीक गांधी ने निभाया है। उनके अलावा इलियाना डिक्रूज इसका हिस्सा हैं। अभिषेक की फिल्म 'बॉब बिस्वास' जी5 पर उपलब्ध है जिसे दीया अन्नपूर्णा घोष ने निर्देशित किया है। मुख्य किरदार अभिषेक ने निभाया है जो एक कॉन्ट्रैक्ट किलर बने हैं।

### 'दसवीं' और 'लूडो'

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित 'दसवीं' हिंदी सामाजिक-कॉमेडी फिल्म है जिसमें अभिषेक के साथ निमृत कौर और यामी गौतम भी नजर आई हैं। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म की कहानी एक अनपढ़, भ्रष्ट मुख्यमंत्री गंगा राम चौधरी के इर्द-गिर्द घूमती है जो जेल में रहकर दसवीं की परीक्षा देने का फैसला लेता है। 2020 में अनुराग बसु द्वारा निर्देशित 'लूडो' एक डार्क कॉमेडी क्राइम एंथोलॉजी फिल्म है, जिसमें 4 अलग-अलग और दिलचस्प कहानियां दिखाई गई हैं। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है।

### 'आई वांट टू टॉक' और 'कालीधर लापता'

शूजित सरकार द्वारा निर्देशित फिल्म 'आई वांट टू टॉक' अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है, जिसकी कहानी बीमारी से जूझते पिता और उसकी बेटी के भावनात्मक रिश्तों को दर्शाती है। इसके लिए अभिषेक को 2025 के फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला था। जी 5 पर रिलीज 'कालीधर लापता' भावनात्मक हिंदी ड्रामा फिल्म है जिसमें अभिषेक ने अधेड़ उम्र का व्यक्ति (कालीधर) का किरदार निभाया है। उनके साथ उनके साथ बाल कलाकार दैविक भगेला मुख्य किरदार में हैं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने लिया विवाह कार्यक्रम स्थल का जायजा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना से जिला स्तर पर वर वधुओं के विवाह की तैयारी के लिए कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आगामी सप्ताह में किया जाना निर्धारित है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी उत्तम प्रसाद को समारोह की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, तहसीलदार प्रकाश पटेल उपस्थित थे।

### 14 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में वर्ष 2026 का पहला नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग, समस्त बैंको आदि से संपर्क कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है।

### योग समिति की हुई एक दिवसीय बैठक

**तमनार।** महिला पतंजलि योग समिति जिला रायगढ़ की बैठक महिला पतंजलि की राज्य प्रभारी जया मिश्रा दीदी की अध्यक्षता में 5 फरवरी को ओजस योग मंदिर में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ पार्षद पूनम सोलंकी विशिष्ट अतिथि के रूप में गंगा अग्रवाल सहायक राज्य प्रभारी, गीतांजलि पटनायक राज्य सोशल मीडिया प्रभारी, श्रेया अग्रवाल राज्य कार्यकारिणी सदस्य, शोभा शर्मा रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से किया गया। तत्पश्चात वेद मंत्र के साथ दीप प्रज्वलन किया गया, तत्पश्चात योगाभ्यास कराया गया एवं योगाभ्यास के पश्चात राज्य प्रभारी जया मिश्रा के द्वारा महिला महा सम्मेलन में साध्वी देवप्रिया दीदी के आगमन के लिए जिला प्रभारी एवं समस्त तहसील प्रभारी एवं योग शिक्षिकाओं की बैठक ली गई। एक दिवसीय बैठक में उपस्थित रायगढ़ जिले के योग शिक्षकों को संबोधित करते हुए राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने 9 मई को महिला महा सम्मेलन में साध्वी देव प्रिया दीदी के आगमन पर किए जाने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। गंगा अग्रवाल ने भी सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह महासम्मेलन छोटा सम्मेलन नहीं है इसमें पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के समस्त तहसीलों की महिलाएं शामिल होगी।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 12 से

**रायगढ़।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेले 12 से 17 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न संभागों में आयोजित किए जाएंगे।इन मेलों में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। संभाग स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक आवेदक ई रोजगार पोर्टल अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अपना पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में साक्षात्कार एवं चयन की सुविधा मिलेगी।

### केन्द्रीकृत परीक्षा व्यवस्था को लेकर अशासकीय शालाओं की समीक्षा बैठक

# एनसीईआरटी के अलावा अन्य पाठ्यपुस्तकों से पढ़ाई कराई तो होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा के आयोजन एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन संबंधी जारी दिशा निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृत परीक्षा में राज्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य होगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार पांचवीं की परीक्षा 16 और आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से चालू होगी। परीक्षा संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है।




बैठक में स्कूलों के शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।

समीक्षा बैठक में सभी अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध विद्यालयों में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त पुस्तकों से तथा सीबीएसई व अन्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही अध्यापन किया जाएगा। अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों से पढ़ाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, किसी भी विद्यालय द्वारा पालकों को किसी एक दुकान से पुस्तक, कॉपी, ड्रेस या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और न ही स्कूल परिसर में इन वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा।

शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित स्कूल पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए इस वर्ष जिले के लिए कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्री बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों के लिए विशेष मेंटर नियुक्त कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मेरिट सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परीक्षा नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, शाखा प्रभारी लोकेश गुप्ता, संेट जेवियर स्कूल के प्राचार्य सहित जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।



## एनडीपीएस मामलों में मजबूत विवेचना हेतु प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम को कानूनी मजबूती देने की दिशा में जशपुर पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हॉल में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े प्रकरणों की विवेचना को और अधिक प्रभावी, विधिसम्मत व मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें जिले भर के पुलिस अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी और विवेचक प्रत्यक्ष व वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

■ कार्रवाई को विधिसम्मत एवं प्रभावी बनाने विशेषज्ञों ने दी राय

न्यायिक और अभियोजन अधिकारियों ने समझाई बारीकियां- कार्यशाला में न्यायालयीन दृष्टिकोण से साक्ष्य संकलन, दस्तावेजी मजबूती, जप्ती व सैंपलिंग की प्रक्रिया, फोरेंसिक परीक्षण और चेन ऑफ कस्टडी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छोटी-सी त्रुटि भी अदालत में प्रकरण को कमजोर कर सकती है, इसलिए हर कार्रवाई विधि अनुसार और लिखित रूप में सटीक होनी चाहिए।

कप्तान ने कहा- गुणवत्ता बढ़ाएं, अभियोजन से लें सलाह- जिले के पुलिस कप्तान डॉ लाल उमेद सिंह ने विवेचकों को संबोधित करते हुए कहा कि, एनडीपीएस मामलों में कार्रवाई करते समय सभी कानूनी प्रावधानों का अक्षरशः पालन जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि विवेचना के दौरान जिला अभियोजन विभाग से समन्वय रखकर केस तैयार करें, ताकि न्यायालय में अपराधियों के खिलाफ मजबूत पैरवी हो और सजा सुनिश्चित हो सके। सूक्ष्म साक्ष्य और दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर- शैलेन्द्र पटवर्धन ने विवेचकों को बताया कि, केस डायरी, जब्ती पंचनामा, सूचना की लेखबद्धता और घटनाक्रम की स्पष्ट टाइमलाइन अदालत में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक शुद्धता ही सजा की राह आसान करती है।

धारा 50, 57 और फोरेंसिक प्रक्रिया की दी जानकारी- डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन सुरेश कुमार साहू, सहायक निदेशक अभियोजन विपिन्न कुमार और सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विवेक शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन, जप्त मादक पदार्थों को सुरक्षित रखने, लैब भेजने की प्रक्रिया, रिपोर्टिंग और एक से अधिक आरोपियों की स्थिति में धाराओं के उपयोग को विस्तार से समझाया। बड़ी संख्या में अधिकारी रहे मौजूद- कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी कुनकुरी विनोद कुमार मंडावी, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, डीएसपी अजाक एवं क्राइम भावेश कुमार समरथ, रीडर एसपी मुकेश कुमार झा सहित जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी तथा विवेचक जुड़े।

## प्रतिमा बनी बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष

**कटेली।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। इसमें प्रतिमा बरिहा को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के निर्देशानुसार की गई है। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल की सहमति से जिला अध्यक्ष नारायण बरिहा द्वारा जिला कार्यसमिति घोषित की गई। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। अनुसूचित जनजाति समाज के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूंगी। साथ ही भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## एनइएस कॉलेज का सात दिवसीय रासेयो शिविर शुरू

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनइएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भुड़केला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 7 फरवरी से शुरू हुए इस शिविर का उद्घाटन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। "युवा नेतृत्व के माध्यम से नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण" थीम पर आयोजित यह शिविर 13 फरवरी तक संचालित होगा।




कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने पारंपरिक स्वागत नृत्य के साथ अतिथियों का अभिनंदनकर उन्हें ससम्मान मंच तक लेकर आए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम के उपसरपंच योगेश टोप्पो ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और शिविर के सात दिवसों के दौरान होने वाले गतिविधियों जैसे प्रभात फेरी, श्रमदान, बौद्धिक परिचर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के आसन से स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अमरेंद्र ने कहा कि, राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर केवल सात दिनों का प्रवास नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण अवसर है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि, आपका आचरण और व्यवहार ऐसा अनुशासित एवं सेवाभावी होना चाहिए जिससे ग्रामवासी आपसे प्रेरणा ले सकें। हिंदी विभागाध्यक्ष कीर्ति किरण केरकेट्टा ने कहा कि, भाषा और संवाद के माध्यम से ही हम ग्रामीणों के हृदय तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि, शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना ही वास्तविक शिक्षा है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिविर नायक स्वयंसेवक परमेश्वर सिंह ने किया।

## 10 से 25 तक चलाया जाएगा हाथीपांव उन्मूलन अभियान


**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. कन्नौजे और सीएमएचओ डॉ निराला ने फायइलेरिया की जानकारी दी। यह एक संक्रामक बीमारी है जो मच्छरों के काटने में फैलती है। इसे सामान्य भाषा में हाथीपाँव भी कहा जाता है। बीमारी कैसे फैलती है संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, तो शरीर में फाइलेरिया के सूक्ष्म कीटाणु माइक्रो फाइलेरिया छोड देता है। क्या फाइलेरिया वंशानुगत है जी नहीं, यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में केवल मच्छर के काटने से फैलता है, यह जन्मजात या आनुवंशिक नहीं है।



लक्षण शुरुआत में बुखार, बदन में खुजली, या अंगों में सूजन हो सकती है। लंबे समय बाद हाथ, पैर या अंडकोष में भारी सूजन आ जाती है। संक्रमित व्यक्ति को तुरंत पता चल जाता है नहीं। इसके कीटाणु शरीर में 5 में 15 साल तक बिना किसी बड़े लक्षण के रह सकते हैं। जब लक्षण दिखते हैं, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। सामुहिक दवा वितरण अभियान, जिनमें सरकार प्रभावित क्षेत्रों में पूरी आबादी को फाइलेरिया बचाव की मुफ्त दवा खिलाती है। आमतौर पर यह दवा किसे खानी चाहिए 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी स्वस्थ व्यक्तियों को यह दवा खानी चाहिए। किसे यह दवा नहीं खानी चाहिए। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चे। गर्भवती महिलाएं अति वृद्ध और बहुत अधिक बीमार व्यक्ति को। क्या खाली पेट दवा खा सकते हैं। नहीं यह दवा हमेशा कुछ खाने के बाद ही लेनी चाहिए। फाइलेरिया याने हाथीपांव की बीमारी एक परजीवी के कारण होता है जिसे मादा क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलाया जाता है। हाथीपांव की बीमारी के परजीवी जब सूक्ष्म रूप में होता है तभी उसे नष्ट कर सकते है। जवान होने की स्थिति में इसे समाप्त नहीं किया जा सकता।

## संगठन की मजबूती के लिए बैठक में तय हुई रणनीति

**बिलाईगढ़।** कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन ने बैठक को संबोधित करते हुए मनरेगा बचाओ कार्यक्रम को निरंतर जारी रखने तथा आम नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे की उपस्थिति रही। विधायक का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उनके आगमन से कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रामनारायण भट्ट, नेमीचंद केशवानी समेत अन्य मौजूद रहे।



## बाबा भगवान राम ट्रस्ट का मिर्गी चिकित्सा शिविर संपन्न

**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट जशपुर की ओर से निशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया, जशपुर में 8 फरवरी रविवार को बाबा भगवान राम ट्रस्ट जशपुर की ओर से आयोजित निशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में कुल 88 मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया।

■ 88 मरीजों को आयुर्वेदिक एवं फकीरी दवा का वितरण




दवा वितरण पश्चात वैद्य रंजीत सिंह ने औषधि सेवन काल में किए जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। गौरतलब है कि, बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरुपद संभव राम के निर्देशन में विगत कई वर्षों से किये जा रहे ऐसे मिर्गी चिकित्सा शिविरों में अनेकों मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। शिविर में उपस्थित मरीजों में 10 बच्चे भी थे। शिविर का शुभारम्भ सुबह 5 बजे परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं पूज्यपाद गुरुपद संभव राम की पूजन-आरती के साथ प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है, इसलिए अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गई और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गई। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह जी एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, गुमला, सिमडेगा ,चतरा, टाटा, डाल्टनगंज, गढ़वा, मनोहरपुर, भागलपुर बिपार, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, सक्ति, कांकेर, शंकरगढ़, बतौली, कुसमी, बेमेतरा, सरगुजा, रायगढ़, चिरमिरी, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, सूरजपुर, पत्थलगांव, कांसाबेल, मनोरा, कुनकुरी, जशपुर, सिहोर मप्र, वीरमित्रपुर, अंगुल उड़ीसा, नागपुर आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। अगला शिविर तीन माह के बाद 10 मई को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जाएगा।

## चंद्रपुर के खिलाड़ियों का असम में जलवा, जीते 10 मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

असम के धेमाजी डिब्रूगढ़ में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित 6 वीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में चंद्रपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए, जिनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चंद्रपुर के योग खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और कुल 10 पदक हासिल कर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया।



टीम के कोच शोभा कुमार आनंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ की टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीते, जिनमें 2 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज शामिल हैं। विशेष रूप से गर्व की बात यह है कि इनमें से 9 पदक अकेले सक्ती जिले के खिलाड़ियों ने प्राप्त किए, जो जिले में योग प्रशिक्षण के उच्च स्तर को दर्शाता है। सिल्वर मेडल में आर्टिस्टिक पेयर जूनियर गर्ल्स वर्ग में प्रियांशी केसरवानी और लीना पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और विद्यालय का नाम रोशन किया। ब्रॉन्ज मेडल में आर्टिस्टिक ग्रुप जूनियर गर्ल्स वर्ग में ऐशु पटेलए लीना पटेल, नयना पटेल, प्रियांशी केसरवानी और हर्षिता गोस्वामी की टीम ने शानदार सामूहिक प्रस्तुति देकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह आर्टिस्टिक पेयर सब.जूनियर बॉयज वर्ग में नीतीश कुमार मेहर और अविनाश दुवान ने भी कांस्य पदक हासिल किया। ट्रेडिशनल योगासन सीनियर गर्ल्स वर्ग में प्रियंका देवांगन ने अपनी सटीक और संतुलित प्रस्तुति से ब्रॉन्ज मेडल जीता। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से कुल 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें केतन देवांगन, रौनक सिंह उरांव, सुबोध राज, खुशी वैष्णव, अंकिता मालाकार, कुलदीपिका, तन्मय, लीना पटेल, प्रियांशी केसरवानी, नयना पटेल, दीक्षा, अंतरा, नीतीश कुमार मेहर, अविनाश दुवान, हर्षिता गोस्वामी और ऐशु पटेल सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम के प्रभारी के रूप में अशोक कुमार सेन और डी. के सर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## प्रेस क्लब छाल ने विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को किया सम्मानित

**छाल।** रायगढ़ जिले के छाल क्षेत्र में प्रेस क्लब छाल के तत्वावधान में शनिवार को पत्रकार सम्मेलन एवं उत्कृष्ट कार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प वर्षा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता और समाज निर्माण में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राधेश्याम राठिया एवं धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सांसद श्री राठिया ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, जो विषम परिस्थितियों में भी जनहित के मुद्दों को शासन प्रशासन तक पहुँचाते हैं। वहीं विधायक लालजीत राठिया ने प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए पत्रकारों को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताया। व क्षेत्र के पत्रकारों के लिए सौगात देते हुए भवन निर्माण की घोषणा की। जहाँ सांसद राठिया ने भी अपने उद्बोधन में भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने की बात कही समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी राठिया, वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी, बीडीसी संतराम खूंटे छाल उप सरपंच अशोक पांडेय उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त